सीमा सन्देश
जयपुर, शनिवार, 01 अक्टूबर, 2022

सीरी वैज्ञानिक डॉ. सुचंदन पाल आईईटीई के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित

- आईईटीई के 65वें वार्षिक अधिवेशन में किया सम्मानित

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। सीएसआईआर-सीरी पिलानी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ सुचंदन पाल को द इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलिकम्युनिकेशन इंजीनियर्स (आईईटीई) द्वारा आईईटीई सीईओटी (94) अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए डॉ सुचंदन पाल का चयन आप्टोइलेक्ट्रॉनिक मैटीरियल्स, डिवाइसेज एवं प्रौद्योगिकी विकास हेतु, विशेष रूप से ऑप्टिकल फाइबर/वेवगाइड ग्रेटिंग्स, इंटीग्रेटेड झ्र ऑप्टिक एवं नैनो फोटॉनिक आप्टो इलेक्ट्रॉनिक मैटीरियल्स, डिवाइसेज एवं गैलियम नाइट्राइड आधारित नीली, सफेद और यूवी- एलईडी के शोध एवं विकास के लिए प्रदान किया गया है। डॉ पाल को यह सम्मान आईईटीई के 65वें वार्षिक अधिवेशन में प्रदान किया गया है।डॉ सुचंदन पाल वर्तमान में संस्थान में मुख्य वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं तथा सीएसआईआर-सीरी के शोध समूह सेमिकंडक्टर सेंसर्स एंड माइक्रोसिस्टम्स के समूह प्रमुख हैं। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी सहित संस्?थान के सभी सहकर्मियों ने इस उपलब्धि के लिए डॉ सुचंदन पाल को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।